भारत - एंटीगुआ एवं बरबुडा संबंध

एंटीगुआ एवं बरबुडा भूमध्य रेखा के उत्तर में पूर्वी कैरेबियन में लीवर्ड आईलैंड के मध्य में स्थित हैं। यह 1981 में स्वतंत्र राज्य बना तथा इसकी शासन की संसदीय प्रणाली है जिसमें ब्रिटेन की महारानी संवैधानिक प्रमुख हैं। उनका प्रतिनिधित्व राज्य के प्रमुख के रूप में नियुक्त गवर्नर जनरल द्वारा किया जाता है।

भारत और एंटीगुआ एवं बरबुडा के बीच संबंध मधुर एवं मैत्रीपूर्ण हैं तथा साझे सरोकार के अधिकांश मुद्दों पर विचारों में समानता है। काफी समय से कोई आधिकारिक सुगठित द्विपक्षीय यात्रा या आदान प्रदान नहीं हुआ है, हालांकि समय समय पर तदर्थ आदान प्रदान होते रहते हैं। अप्रैल 2012 के पहले सप्ताह के दौरान सेंट किट्स एवं नेविस के प्रधानमंत्री के साथ संसद सदस्य माइकल असकॉट ने भारत का दौरा किया।

एंटीगुआ एवं बरबुडा गवर्नर जनरल सर रोडनी विलियम्स ने सिटी मांटेसरी स्कूल, लखनऊ द्वारा आयोजित 160 अंतर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन में भाग लेने के लिए अपनी निजी हैसियत से 4 से 21 अक्टूबर, 2015 के दौरान भारत का दौरा किया।

श्री आर स्वामीनाथन, सचिव (ए एम एस, सी पी वी एवं एस ए) ने 24 एवं 25 जुलाई 2015 को एंटीगुआ एवं बरबुडा का दौरा किया तथा माननीय प्रधानमंत्री गैस्टन ब्राउन तथा विदेश एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के साथ बैठक की।

जार्ज टाउन में निवास के साथ गुयाना में भारतीय उच्चायुक्त को एंटीगुआ एवं बरबुडा की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

भारत के साथ व्यापार, हालांकि पिछले वर्षों से इसमें वृद्धि हो रही है, निरपेक्ष दृष्टि से कम है। इस समय 2013-14 के लिए यह 2.23 मिलियन अमरीकी डालर है, जबकि पिछले वर्ष के लिए यह 1.59 मिलियन अमरीकी डालर था।

2011-12 से 2015-16 (अप्रैल - सितंबर) तक भारत - एंटीगुआ एवं बरबुडा व्यापार (मिलियन अमरीकी डालर में)

वर्ष	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16 (अप्रैल - सितंबर)
भारत का निर्यात	0.87	1.36	2.19	2.07	1.23
भारत का आयात	0.06	0.23	0.04	0.49	0.01
कुल व्यापार	**0.94**	**1.59**	**2.23**	**2.56**	**1.24**

भारत ने आई टी ई सी के माध्यम से आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। 2015-16 में एंटीगुआ एवं बरबुडा को 11 आई टी ई सी स्लाटों का आबंटन किया गया है। भारतीय सहायता से एक आई टी पार्क के लिए संभाव्यता अध्ययन 2008 में किया गया। 2009 में एक मल शोधन केन्द्र के लिए संभाव्यता अध्ययन किया गया। एंटीगुआ एवं बरबुडा ने भारत के साथ संबंधों का और विकास करने की हमेशा इच्छा व्यक्त की है।

मनिपाल एजुकेशन ट्रस्ट, जो एक निजी क्षेत्र का संगठन है, ने एंटीगुआ कालेज ऑफ मेडिसिन का अधिग्रहण करके काफी निवेश किया है तथा इसके महत्व में काफी वृद्धि की है। चिकित्सा के क्षेत्र में विशिष्ट

शिक्षा के लिए एक क्षेत्रीय केन्द्र के रूप में एंटीगुआ को स्थापित करने के लिए इसके द्वारा बहुत प्रयास किए गए हैं।

सेंट जॉन, एंटीगुआ एवं बरबुडा में 21 जून 2015 को पहला अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। योग से संबंधित कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों ने भरपूर जोश एवं उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विदेश एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्री चार्ल्स मैक्स फर्नांडीस मुख्य अतिथि थे।

अनुमान है कि भारतीय समुदाय की संख्या 150 के आसपास है जो गारमेंट, ज्वैलरी, फर्मास्युटिकल आदि का व्यवसाय करते हैं तथा इसमें यहां की चिकित्सा संस्थाओं में पढ़ रहे भारतीय छात्र भी शामिल हैं।

उपयोगी संसाधन :

भारतीय उच्चायोग, जार्जटाउन की वेबसाइट :
http://www.hcigeorgetown.org/

***

जनवरी, 2016